1918 से
SOLUTIONS FOR YOUR ENVIRONMENT®
(आपके पर्यावरण के लिए समाधान)

# LEVY LINK

संस्करण 2 • नवंबर 2023




## कॉल का जवाब देना

"यह तो बहुत बड़ा सवाल है!" Russ Burke, जो Steel Mill Services के वाइस प्रेसिडेंट हैं, ने स्टील मिल ग्राहक, Nucor के साथ कॉल के दौरान मन ही मन सोचा। 2023 की शुरुआत में, Nucor Steel को एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा: जो कॉन्ट्रैक्टर उनके Gallatin, Kentucky and Blytheville, Arkansas स्थानों में कुल मिलाकर 15 सालों से मिल सेवाएँ प्रदान कर रहा था वह कम अवधि का नोटिस देकर जा रहा था। Levy को दो माह की समयावधि के भीतर दोनों स्थानों पर सभी स्टील मिल सेवाएँ संभालने के लिए कहा गया। किसी भी साधारण बिज़नस स्टार्ट-अप को उपकरण जुटाने, नए कर्मचारियों को ढूंढकर उन्हें प्रशिक्षित करने, कार्य प्रक्रियाएँ विकसित करने एवं और भी बहुत कुछ करने में 18-24 माह का समय लगता है। महज थोड़े से महीनों में ये कैसे किया जा सकता था?

Levy टीम के साथ, Russ ने समय पर और प्रभावी समाधान देने के लिए संसाधनों का फायदा उठाया। कॉर्पोरेट विभागों ने कर्मचारियों को भर्ती करके, उपकरण और आपूर्तियों की खरीददारी करके, सुरक्षा और परिचालन प्रक्रियाएँ लागू करके सहायता प्रदान की। पड़ोस की स्टील मिल सेवा साइटों ने Levy की ही भांति इन नए परिचालनों की शुरुआत करने के लिए उपकरण और अनुभवी कर्मचारी प्रदान किए।

दो माह के भीतर, संगठन में 180 नए कर्मचारियों का स्वागत किया गया, साइट्स में लगभग 200 नग मोबाइल उपकरण डिलीवर किए गए, और आज की तिथि तक 150,000 टन से भी ज्यादा स्लैग उत्पादित किया गया।

स्टील मिल सेवाओं, कॉर्पोरेट कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं, और ग्राहक के बीच सहयोग से सफल परिवर्तन सुनिश्चित हो सका जिससे Levy कॉल का जवाब दे पाया।

*Russ Burke, Edw. C. Levy Co. द्वारा प्रदान की गई जानकारी*

Levy Gallatin के कर्मचारी Nucor Steel को सेवा प्रदान करने के लिए प्रयुक्त Kress पॉट कैरियर का परीक्षण करते हुए।

**SOLUTIONS FOR YOUR ENVIRONMENT®**
**(आपके पर्यावरण के लिए समाधान)**

## इस संस्करण के भीतर

सुरक्षा कोई समझौता नहीं होता

Levy के जीवन रक्षक नियमों को दोबारा लॉन्च करना

नए अवसरों के लिए मार्ग तैयार करना

रखरखाव के मास्टर्स तैयार करना

बार्ज ऑफलोडिंग ऑप्टिमाइज़ करना

2023 Levy लीडरशिप क्लासेस

कर्मचारी ऑनबोर्डिंग और भी आसान बना दी गई है

और बहुत कुछ



# सुरक्षा कोई समझौता नहीं होता

Levy में, सुरक्षा एक मूल मंत्र है जो अटल बना हुआ है। भले ही हमारी प्राथमिकताएँ बदल सकती हैं, लेकिन सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता बनी हुई है। यह सही है कि एक कारोबार होने के नाते हमारे लिए अपने वित्तीय लक्ष्यों और हमारे ग्राहकों की माँगों को पूरा करना जरूरी है। हालाँकि, हम कभी भी हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं करेंगे।

हर कोई हर रोज सुरक्षित ढंग से घर पहुँचें यह सुनिश्चित करने के लिए हम Levy के जीवन रक्षक नियमों के महत्व की पुनः पुष्टि करने के लिए कैंपेन लॉन्च कर रहे हैं। हम सभी से इन नियमों की समीक्षा करने, जरूरत पड़ने पर स्पष्टीकरण मांगने, और सबसे जरूरी बात, इन मूलभूत सिद्धांतों का लगातार पालन करने का आग्रह करते हैं।

आइए एक दूसरे का ध्यान रखें और याद रखें: हमारी सुरक्षा की संस्कृति हम सभी पर निर्भर करती है!

Eliot Weiner, मुख्य परिचालन अधिकारी

# ज्यादा सुरक्षित भविष्य की तैयारी करना




2023 में, Levy's Steel Mill Services Group ने दो-दिन की सुरक्षा लीडरशिप ट्रेनिंग इवेंट्स की सीरिज का आयोजन किया जिसमें कार्यस्थल में सुरक्षा और लीडरशिप जवाबदेही पर जोर दिया गया। Joel Tietjens, जो एक प्रमाणित सुरक्षा निर्देशक हैं, ने सुरक्षा लीडर होने के नाते अपने विचार साझा करके पहले दिन की शुरुआत की और उन्होंने मानव कार्य निष्पादन, जवाबदेही, और सुरक्षा में सतत सुधार के महत्व के बारे में चर्चा का नेतृत्व किया।

दूसरे दिन प्रतिभागियों ने दैनिक कार्यों में जोखिम मूल्यांकन के महत्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यावहारिक भूमिकाओं पर गहन चर्चा की। Russ Burke, जो कि Steel Mill Services के वाइस प्रेसिडेंट हैं, और Samantha O'Saben, जो EHS की डायरेक्टर हैं, ने 2022 के सुरक्षा कार्य निष्पादन की समीक्षा की और 2023 का सुरक्षा कर्यक्रम पेश किया।

120 से भी ज्यादा लीडर्स ने Dearborn में ट्रेनिंग में भाग लिया, जिससे उन्हें सीधे Levy के मालिकों से सुरक्षा के बारे में उनके विचार सुनने का अवसर मिला। ट्रेनिंग से सीखी गई मुख्य चीज यह थी कि किसी भी साईट की सुरक्षा संस्कृति उसके लीडरों द्वारा संचालित होती है।

*जानकारी इनके द्वारा प्रदान की गई: Carly Walker, Levy कॉर्पोरेट सुरक्षा*

Joel Tietjens सुरक्षा के विषय के बारे में क्लास के साथ चर्चा करते हुए।

1918 से
SOLUTIONS FOR YOUR ENVIRONMENT®
(आपके पर्यावरण के लिए समाधान)

EHS

# जीवन रक्षक नियम

| सुरक्षा को एक मूल्य मानें और जोखिम का मूल्यांकन करें | कोई भी कार्य शुरू होने से पहले खतरनाक ऊर्जा के अलग करने की पुष्टि करें | किसी सीमाबद्ध स्थान में प्रवेश करने से पहले प्राधिकरण प्राप्त करें | खुदाई करने से पहले प्राधिकरण प्राप्त करें | ऊँचाई पर काम करते समय गिरने से स्वयं की रक्षा करें |
|---|---|---|---|---|




| ज्यादा वोल्टेज वाले उपकरण पर या उसके निकट काम करने से पहले प्राधिकरण प्राप्त करें | उचित PPE का इस्तेमाल करें | सुरक्षित ड्राइविंग 'सड़क के नियमों' का पालन करें | सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण उपकरणों को ओवरराइड करने या अक्षम करने से पहले प्राधिकरण प्राप्त करें | ड्रग और मदिरा नीति का पालन करें |
|---|---|---|---|---|



## एकदम नया लुक

Levy ने Levy के जीवन रक्षक नियमों को दोबारा पेश करने के लिए एक कैंपेन की शुरुआत की है। भले ही नियम नहीं बदले हैं, लेकिन हमारे Levy के जीवन रक्षक नियम के ग्राफ़िक्स और उसकी सामग्रियों को अपडेट किया गया है! कैंपेन के दौरान, हर नियम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए "सप्ताह का नियम" विशिष्ट रूप से दर्शाया गया। इन सामग्रियों का इस्तेमाल टूलबॉक्स वार्तालाप और सुरक्षा मीटिंगों में किया जा सकता है। Levy के सुरक्षा विभाग के सुरक्षा पेशेवर अतिरिक्त जानकारी के साथ फॉलो अप करेंगे।

*Samantha O'Saben, Levy कॉर्पोरेट सुरक्षा द्वारा प्रदान की गई जानकारी*

## अत्याधुनिक तकनीक

Levy Evertz ने हाल ही में Gent, Belgium में 3 नई कटिंग टेबल्स चालू की हैं। ये कस्टम एज-ट्रिमिंग और एंड क्रॉपिंग टेबल्स Donze टॉर्च और प्रोप्राइटरी Spyder नोजल का इस्तेमाल करके बरलेस कट्स प्रदान करते हैं। Evertz Group के साथ Levy की पार्टनरशिप से ग्राहकों को एक ऑपरेशन में संयोजित या अलग-अलग यूनिटों के रूप में अत्याधुनिक स्लिटिंग, कटिंग, स्कार्फिंग और ग्राइंडिंग तकनीक मिलती है। इस तरह की पार्टनरशिप को बढ़ावा देने से Levy ग्राहकों को उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए सही समाधान दे पाता है।

*Pau Geli Villardell, Edw. C. Levy Co. द्वारा प्रदान की गई जानकारी*




Levy Evertz टीम के सदस्य (बायीं से दायीं ओर):
Bryan Van Beelen, Tony Vernaeve, Janos Deli, Pascal Van Cauwenberghe, Diego Van Engel, Jeanine De Vuyst, Quinten Heetesonne, Tom Servaegeı

# LEVY फ्लाईव्हील




EH&S उत्कृष्टता हब से शुरुआत करके, Levy फ्लाईव्हील को वेग देने के लिए अपने बेंचमार्क्स की ताकत का इस्तेमाल करता है, जिससे हमारी गति बढ़ती है और हमारी संस्कृति ज्यादा मजबूत होती है, जिससे हमें बुद्धिमत्तापूर्ण जोखिम उठाने की और हमारे पर्यावरण के लिए समाधान तैयार करने की ताकत मिलती है।

## रखरखाव के मास्टर्स तैयार करना

Michigan Aggregates Group ने उनकी मोबाइल उपकरण फ्लीट के रखरखाव के लिए मैकेनिक्स में महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम की स्थापना की है। ट्रेनिंग के दौरान, मैकेनिक्स मोबाइल उपकरण के हिस्सों को फ्रेम तक अलग-अलग करते हैं और हर घटक को दोबारा जोड़कर सीखते हैं कि उपकरण का हर सिस्टम कैसे काम करता है।

20-वर्षीय Levy मैकेनिक, Robert Thompson, मैकेनिक्स के पूरे प्रशिक्षण के दौरान उनके साथ काम करते हुए 3-वर्षीय व्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। Jake Williams, जो कि Michigan Aggregates के मोबाइल उपकरण मैनेजर हैं, प्रोग्राम की बहुत ज्यादा तारीफ करते हैं, और कहते हैं कि "हमारे मैकेनिक्स में निवेश करने से ग्रुप का ही फायदा है"। प्रोग्राम का निर्माण किफायती निर्णय के रूप में दुगुना होता है। बड़े रखरखाव की आवश्यकता वाले उपकरणों की आंतरिक रूप से मरम्मत करके, Levy दोबारा निर्माण की लागत में लगने वाले पैसों की बचत कर रहा है।

प्रोग्राम के स्त्रोत का श्रेय Mike Szabo, जो कि Michigan Aggregates के जनरल मैनेजर हैं, को दिया जा सकता है जिन्होंने Michigan की विभिन्न साइट्स में सेवा देने के लिए ज्यादा योग्य मैकेनिक्स की आवश्यकता को संबोधित करने के लिए 2012 में मैकेनिक्स को ट्रेनिंग देने की शुरुआत की। जब से इसका कार्यान्वयन हुआ है तब से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने इसके कार्यकाल के दौरान लगभग 30 पूरी तरह पात्र मैकेनिक्स तैयार किए हैं।

*Jake Williams और Robert Thompson, Michigan Aggregates द्वारा प्रदान की गई जानकारी*



बायीं से दायीं ओर: मैकेनिक ट्रेनी, Kade Dabrowski, Robert Thompson, और मैकेनिक ट्रेनी, Joe Schoenherr।



## नए अवसरों के लिए मार्ग तैयार करना

Australia Steel Mill Services (ASMS) की टीम ने हाल ही में नए रोड सबबेस प्रोडक्ट (ABF222) को डिजाईन करके उसकी जाँच की जिसे 2023 की शुरुआत में 38,000 टन से ज्यादा की बिक्री के साथ लॉन्च किया गया। यह उत्पाद सेल्फ-सिमेंटिंग विशेषता के साथ मिश्रित ब्लास्ट फर्नेस स्लैग उत्पाद है। इस मिश्रण में विभिन्न बिकी न गई सामग्रियाँ हैं और यह ASMS को ऐसे ग्राहकों के नए मार्केट में स्थापित करता है जिन्हें सैंडस्टोन को प्रतिस्थापित करने के लिए विकल्पों की तलाश है। Sydney क्षेत्र में चल रही नागरिक परियोजनाओं की संख्या बढने के कारण इस उत्पाद में रुचि बढ़ गई है।

यह कस्टम डिजाईन स्थानीय सड़क प्राधिकरण द्वारा उपयोग के लिए विशिष्ट विवरणों की पूर्ति करता है, लेकिन अभी ABF222 को एक ऐसे गैर-निर्दिष्ट उत्पाद के रूप में बेचा जा रहा है जिसे बनाने में समय और धन कम लगता है और इसके बावजूद यह अधिकांश संभावित ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। इस उत्पाद का पहले से ही उपयोग किए जाने के साथ ही ASMS की टीम स्लैग युक्त अन्य मिश्रणों की लगातार खोज और जाँच कर रही है। कम उपयोग किए जाने वाले संसाधन के नए उपयोग के विचारों से Australia में नए अवसरों के मार्ग तैयार हो रहे हैं।

*Mark Micallef और Benjamin Muscat, Australia Steel Mill Services द्वारा प्रदान की गई जानकारी*

ASMS के Mark Micallef और Benjamin Muscat ABF222 का इस्तेमाल करते हुए टेस्ट पैड पर खड़े हैं।

# KILLINS के सुधार से पर्यावरण को लाभ होता है

2023 में, Levy ने Ann Arbor, Michigan में Killins ग्रेवल साईट के सुधार के साथ पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

Levy ने 1960 के दशक में Killins साईट अधिग्रहित की और 1990 के दशक में परिचालन का समापन किया। उस समय से, इस साईट का इस्तेमाल रेडी-मिक्स ट्रकों और अन्य कंक्रीट सामग्रियों की कंक्रीट वॉशआउट के लिए गोदाम के रूप में किया जा रहा है।

Michigan Aggregates के जनरल मैनेजर, Mike Pittiglio ने भविष्यकालीन विकास के अवसरों के लिए सुधार करने और पुनः प्रयोजन किए जाने के लिए 124-एकड़ जगह की संभावना देखी। सुधार के साथ पर्यावरणीय चिंताओं की वजह से Mike Levy की पर्यावरणीय टीम के पास पहुँचें।

सुधार में आमतौर पर भूमि को भरकर उसे समतल करने के लिए Levy की साइट्स से साफ़ सामग्रियों का इस्तेमाल करना शामिल है। साईट में सुधार करने के लिए जरूरी साफ़ भराव की मात्रा के कारण Levy ने बाहर के कॉन्ट्रैक्टर से ज्यादा खरीदारी की। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सामग्री में अवांछित दूषित पदार्थ नहीं हैं, पर्यावरणीय इंजीनियर, Alicia Ramsdell; परिचालन के वाइस प्रेसिडेंट, Rick Kidd; और Mike ने सामग्री की जाँच के लिए कड़ी विधि विकसित की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह Levy के मानकों के अनुरूप है। आज की तारीख में सुधार के उपयोग के लिए 120,000 टन साफ़ भराव उपलब्ध है।

साईट से निकाली गई कंक्रीट को क्रश करके बेचा जाता है जिससे जमीन के भराव में जाने वाली सामग्री की मात्रा घटाकर पर्यावरण पर Levy का प्रभाव न्यूनतम हो रहा है। इसके अलावा, कंक्रीट के उत्पादन के लिए प्राकृतिक एग्रिगेट्स की खुदाई करने की आवश्यकता भी घटी है। Killins में सुधार करके Levy आने वाले कई वर्षों तक ज्यादा हरित पर्यावरण को प्रोत्साहित करने के अपने ध्येय को जारी रख रहा है।

*Alicia Ramsdell और Mike Pittiglio, Levy Corporate Environmental और Michigan Aggregates Division द्वारा दी गई जानकारी*



Killins में कंक्रीट वॉशआउट की विशाल दीवार के सामने Alicia Ramsdell और Mike Pittiglio।

# बार्ज ऑफलोडिंग ऑप्टिमाइज़ करना

Levy Brandenburg Mill Service (LBMS) वर्धित सुरक्षा और क्षमता के लिए डॉक ऑपरेशन में क्रांति लाने के लिए अपने पार्टनर Caterpillar (CAT) के साथ मिलकर काम कर रहा है। साईट का लक्ष्य बार्ज को इस प्रकार ऑफलोड करना है जिससे कर्मचारियों को न्यूनतम जोखिम हो।

ऐतिहासिक रूप से, इस प्रक्रिया में बार्ज पर रखने के लिए लोडर के रिगिंग की आवश्यकता होती थी और कर्मचारी को रिगिंग हटाने के लिए इंतजार करना पड़ता था। CAT प्रोटोटाइप लोडर के कारण बार्ज पर उस कर्मचारी को होने वाला जोखिम अब भूतकाल की बात रह गई है क्योंकि यह रिमोट से नियंत्रित होता है और यह लिफ्टिंग या ऑटो-रिगिंग डिवाइस के साथ सुसज्जित होता है। लोडर को बार्ज से इधर-उधर ले जाया जाता है और तटरेखा की सुरक्षा से परिचालित किया जाता है। Mike Ward, LBMS डॉक मैनेजर, ने कहा, "विगत 15 सालों से डॉक का काम करने के बाद, मुझे ज्यादा सुरक्षित प्रक्रिया के मौजूद होने की ख़ुशी है।"

*Mike Ward, Levy Brandenburg Mill Service द्वारा प्रदान की गई जानकारी*




बायीं से दायीं ओर: बार्ज लोड करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले Manitowoc 999 के सामने Casey Lanham और Adam Hall।

# LEVY की फ्लाईव्हील को नए कारोबार से उत्तेजित करना




Levy की आंतरिक स्टील मिल सेवाएँ (SMS) ने उनको ग्राहकों को उनके द्वारा दी जाने वाली स्क्रैप प्रोसेसिंग सेवाओं का जिम्मा लिया और इसे एक बिल्कुल नई कंपनी के रूप में विकसित कर दिया। Levy का नया उद्यम, Mill Material Management मिनी-मिल ग्राहकों को खुले बाजार में स्क्रैप खरीदने का विकल्प देता है। ग्राहकों ने स्लैग और शेष स्क्रैप को कुशलता से हटाने और उनकी प्रक्रिया करने के लिए Levy पर भरोसा किया है ताकि वे उच्च गुणवत्ता के स्क्रैप से स्टील बनाने पर ध्यान केंद्रित कर सकें। हाल ही तक, मिल्स से प्राप्त स्क्रैप स्टील बनाने के लिए इनपुट के रूप में उपयोग करने के लिए आवश्यक विनिर्देशों की पूर्ति नहीं करता था। Levy के steel mill services मैनेजमेंट ने अपने ग्राहकों को उचित कीमत पर, उच्च गुणवत्ता का स्क्रैप देने और साथ ही अपने कारोबार को बढ़ाने की जरूरत को पहचाना।

आज, हमारी 14 में से 10 SMS साइट्स ज्यादा आयरन कंटेंट वाला उत्पाद पाने के लिए मिल ग्राहकों के सेकेंडरी स्क्रैप जैसे कि लेडल लिप्स, पिट स्क्रैप, और स्लैग प्रोसेसिंग से प्राप्त स्क्रैप को अपग्रेड कर रही है। इस उच्च गुणवत्ता के स्क्रैप को मिल और बाहर के ग्राहकों को बेचा जाता है। Ryan Hyatt, जनरल मैनेजर ने कहा, "हमारा लक्ष्य हमारे स्टील मिल के ग्राहकों के लिए एक 'आसान बटन' बनना है। हमारे ग्राहक स्टील के उत्पादों के उत्पादन के लिए उनकी जरूरत का उच्च-गुणवत्ता का स्क्रैप प्राप्त करने के लिए हम पर भरोसा करते हैं।" *Ryan Hyatt, Steel Mill Services द्वारा प्रदान की गई जानकारी*

Mill Material Management टीम के सदस्य (बायीं से दायीं ओर): Ryan Hyatt, Logan Gengler, Wendy Shull, और Brent Spahr अपने ग्राहकों को उच्च-गुणवत्ता का स्क्रैप देने के लिए तैयार हैं।



पिछली पंक्ति (बायीं से दायीं ओर):
Aaron Roll, Noah Vidal, Cory Trent, Bradley Thomas

2री पंक्ति (बायीं से दायीं ओर):
Mike Essig, Wes Guigar, Ismael Villarreal, Samuel Kneiszler, TJ Midcalf, Austin Fisher, Josh Ceriotti, Mitchell McFarland, Chad Ambrose

आगे की पंक्ति (बायीं से दायीं ओर):
Joe Abed-Rabo, Brian Pawluchuk, Jason Reinhardt, Conrad Brissette, Jamie Webb, September Lorenz, Emily Locklear

## मार्च 2023 LEVY की लीडरशिप क्लास

पिछली पंक्ति (बायीं से दायीं ओर):
Cody Hammond, Josh Taylor, Emelo Bush, Ethan Churchward

3री पंक्ति (बायीं से दायीं ओर):
Logan Gengler, Quincey Meadows, David Tuttle, Nate Tormasi

2री पंक्ति (बायीं से दायीं ओर):
Brian Smith, Joe O'Malley, Hunter Bruce, Jeff Smith

आगे की पंक्ति (बायीं से दायीं ओर):
Jessica Lyza, Mike Mulcahy, Anika Robinson, Kevin Korzeniewski, Jarvis Wright

फोटो में नहीं हैं: Eric Ogg



## जून 2023 LEVY की लीडरशिप क्लास

# FULTON फर्नेस फ्रेंज़ी



Fulton Mill के ग्राहक, North Star BlueScope (NSBS) ने उनके परिचालन में एक और फर्नेस, कास्टर, और रोलिंग मिल जोड़ी। साईट पर 800 से भी ज्यादा कॉन्ट्रैक्टर्स की उपस्थिति के बावजूद, Fulton Mill ने निर्माण के दौरान होने वाले परिवर्तनों के अनुसार उनके परिचालन को अनुकूलित करते हुए ग्राहकों की अपेक्षाओं की सुरक्षित ढंग से पूर्ति करना जारी रखा है।

वर्धित उत्पादन में सहायता के लिए, साईट को अतिरिक्त कर्मचारियों को भर्ती करना पड़ा औरअधिक उपकरण खरीदने पड़े, जिनमें तीसरी फर्नेस टॉप मशीन और गड्ढे खोदने के लिए 988-लोडर शामिल थे। मूल दो फर्नेस की सेवा जारी रखते हुए मिल के कर्मचारी वर्धित उत्पादन को संभालना सीख गए।

NSBS में हमारे पार्टनर्स को उनके विस्तार में सफल होने में सहायता करने के लिए Fulton Mill Services के कर्मचारियों की प्रशंसा की जानी चाहिए।

*Marcus Johnson, Fulton Mill Services द्वारा प्रदान की गई जानकारी*

Fulton के मिल क्रू के सदस्य (बायीं से दायीं ओर): JD Warncke, Mike Patterson, और Russell Hobson।

# LEVY का भुगतान करने का नया तरीका




Levy ADP नामक नए भुगतान और टाइमकीपिंग प्रणाली में स्थानांतरित होने वाला है जिससे टाइमकार्ड सबमिट करना, पे स्टब्स एक्सेस करना और W2 प्रिंट करना ज्यादा आसान हो जाएगा!

Automatic Data Processing (ADP) दुनिया के सबसे अनुभवी पेरोल प्रोसेसिंग प्रदाताओं में से एक है और यह पेरोल तकनीक का एक लीडर है। ADP कर्मचारियों को आय स्टेटमेंट्स का 24/7 एक्सेस देगा और संपूर्ण पेरोल प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाते हुए अनिवार्य फॉर्म्स को अपडेट करना सरल बनाएगा। शीघ्र समीक्षा और अनुमोदन के साथ, प्रशासकीय कर्मचारी और मैनेजमेंट दोनों ही पेरोल मैनेजमेंट के प्रति ज्यादा कुशल दृष्टिकोण अपना सकते हैं, जिससे संतोषजनक और व्यस्त कार्यबल सुनिश्चित करते हुए समय और संसाधन की बचत होगी। ADP के साथ परेशानियों को अलविदा कहें और कार्यक्षमता का स्वागत करें!

*Gina Gillman, Levy मानव संसाधन द्वारा प्रदान की गई जानकारी*

# कर्मचारी ऑनबोर्डिंग और भी आसान बना दी गई है



Oracle Recruiting Cloud (ORC) और Onboarding Journeys को लागू करके Levy के नए कर्मचारी की ऑनबोर्डिंग अब और भी आसान हो गई है। ये नई प्रणालियाँ, जो कि अब LevyYou का एक भाग है, Levy के कर्मचारियों और नौकरी के उम्मीदवारों के लिए ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया को काफी सरल बना देंगे।

वर्तमान में, जब कोई साईट या विभाग नए पद के लिए भर्ती करता है, तो हायरिंग मैनेजर कई ईमेल्स के जरिए महत्वपूर्ण ऑनबोर्डिंग विवरण उम्मीदवार के साथ संचारित करता है। LevyYou Onboarding Journeys का उपयोग करके उम्मीदवार को उसके सभी दस्तावेज प्रणाली के माध्यम से प्राप्त होंगे - इसके लिए अनगिनत ईमेल्स की जरूरत नहीं होगी। मानव संसाधन वास्तविक समय में उम्मीदवार की ऑनबोर्डिंग प्रगति की जाँच कर सकते हैं, जिससे हायरिंग साइट्स के साथ अनावश्यक ईमेल संचार समाप्त हो सकता है।

इसके अलावा, कर्मचारी Levy के रिक्त पदों को सीधे प्रणाली में ही एक्सेस कर सकते हैं और किसी उम्मीदवार को रेफर कर सकते हैं या स्वयं आवेदन कर सकते हैं। किसी के आवेदन करने पर हायरिंग मैनेजर और रिक्रूटर को नोटिफिकेशन मिलता है और वे सीधे प्रणाली से ही उम्मीदवार से संपर्क कर सकते हैं।

ORC और Onboarding Journeys के संबंध में प्रश्नों के लिए Levy के मानव संसाधन से संपर्क करें।

*Gina Gillman, Levy मानव संसाधन द्वारा प्रदान की गई जानकारी*

1918 से

LEVY

SOLUTIONS FOR YOUR ENVIRONMENT®
(आपके पर्यावरण के लिए समाधान)

Edw. C. Levy Co.
9300 Dix Ave.
Dearborn, MI 48120

## उत्तम सुरक्षा से हर किसी की जीत होती है



Rajendra Pratap Tripathy, जो कि Himalaya Steel Mill Services (HSMS) में पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा मैनेजर हैं, को ग्राहक, Tata Steel द्वारा 2023 2री तिमाही सेफ्टी पेट्रोन अवार्ड और 2023 की पहली छमाही के लिए सेफ्टी एग्जेम्प्लर अवार्ड से सम्मानित किया गया। Raj को उनकी उपलब्धियों के लिए वित्तीय पुरस्कार प्राप्त हुआ और एक अनुस्मारक के रूप में कि सुरक्षा हर किसी की जिम्मेदारी है, HSMS के कर्मचारियों को भी आर्थिक पुरस्कार दिया गया।

बायीं से दायीं ओर: Vinay Jhingon, HSMS; Joheb Khan, HSMS; Clyde Kirkwood, Edw. C. Levy Co.; Khun Sitthisak Wittayangkoon, SSMS और Rajendra Tripathy, HSMS।

## WHITESVILLE फण्डरेजर की जोरशोर से सफलता

Whitesville Mill Services ने मोटरसाइकिल दुर्घटना से ग्रस्त एक कर्मचारी के लिए फण्डरेजर का आयोजन किया। यह कर्मचारी Whitesville स्क्रैप डिलीवरी टीम का एक अनिवार्य हिस्सा रहा था लेकिन वह भारी चोटों से ग्रस्त हो गया जिसके लिए कई महीनों तक अस्पताल में भर्ती रहने और पुनर्सुधार की आवश्यकता थी। Whitesville और Nucor ने इस चुनौतीभरे समय के दौरान खर्चों का वहन करने में मदद के लिए उस कर्मचारी और उसके परिवार हेतु धन एकत्रित करने के लिए मिलकर एक कुकआउट का आयोजन किया।

Whitesville और Nucor दोनों के सहभाग और समर्थन ने अपेक्षाओं से बढ़कर कार्य किया और $6000 से भी ज्यादा राशि जुटाई। संपूर्ण Levy टीम उस कर्मचारी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।

*Ed Patino, Steel Mill Services द्वारा प्रदान की गई जानकारी*




Whitesville के कर्मचारी फण्डरेजर के दौरान एकसाथ लंच बनाते हुए।